मूल वाद में डिक्री

(आदेश 20, नियम 6–7, जाब्ता दीवानी)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवम् पदेन सहायक कलक्टर टिब्बी

पीठासीन अधिकारी :– स्वाति गुप्ताआर.ए.एस.
राजस्व वाद संख्या :–212/2024

1. अमन पूनिया पुत्र महावीर पूनियां जाति जाट निवासी ढाणी चक 8 एफ.टी.पी. बी तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़। – – वादी

बनाम

2. महावीर पुत्र कृष्ण कुमार जाति जाट निवासी ढाणी चक 8 एफ.टी.पी.–बी तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़।
3. सरोज पत्नी महावीर जाति जाट निवासी ढाणी चक 8 एफ.टी.पी.–बी तहसील टिब्बी जिला हनुमानगढ़। – –प्रतिवादीगण

अन्तर्गत धारा 88 आर.टी.ए. बाबत घोषणा

डिक्री दिनांक :– 20.08.2024

वादी की ओर से श्री संजय शर्मा अधिवक्ता व प्रतिवादी की ओर से श्री जयनारायण शर्मा अधिवक्ता की उपस्थिति में इस वाद में आज तारीख 20.08.2024 को स्वाति गुप्ताआर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी एवम् पदेन सहायक कलक्टर टिब्बी के समक्ष अन्तिम निपटारे के लिये पेश होनें पर वादी के विद्वान अभिभाषक की बहस पर मनन करने तथा पत्रावली व प्रस्तुत दस्तावेजात का अवलोकन के बाद वाद पत्र स्वीकार योग्य पाये जानें पर राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 88 के अन्तर्गत आदेश किया जाकर अन्तिम डिक्री की जाती है, कि वाद पत्र में वर्णित चक नम्बर 8 एफ.टी.पी.–बी के जमाबन्दी संवत् 2075 ता 78 के खाता संख्या 68/63 में कुल 1.237 हैक्टर नहरी मय गै०मु० खाला व इसी चक के खाता संख्या 69/64 में कुल 0.401 हैक्टर नहरी आराजी का वादी को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाकर चक नम्बर 8 एफ.टी.पी.–बी के खाता संख्या 68/63 व इसी चक के खाता संख्या 69/64 में से महावीर का नाम कलमजन किये जाने के आदेश दिये जाते है। इसी अनुसार राजस्व अभिलेख में अंकन किया जावे।

तहसीलदार (राजस्व) टिब्बी को आदेशित किया जाता है कि उक्त वर्णित भूमि समस्त प्रकार से भार मुक्त होनें की दशा में उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जाकर लगान कायम किया जावे। भूमि की किस्म (यथा नहरी/बारानी/गैरमुमकिन) पूर्वानुसार ही रहेगी जिसमें किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया जावेगा।

खर्चा फरीकेन अपना–अपना वहन करेंगें। यह डिक्री आज दिनांक 20.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

Signature Not Verified
Digitally signed by Swati Gupta
Date: 2024.09.04 16:42:25 IST
Reason: SelfAttested

मुहर

(स्वाति गुप्ता)
उपखण्ड अधिकारी एवम्
पदेन सहायक कलक्टर
टिब्बी

Scanned with CamScanner